Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **बीकानेर में पटवारी 4 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी**

जयपुर, *17 दिसम्बर।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर बीकानेर इकाई द्वारा आज शुक्रवार को कार्यवाही करते हुये विकास मीणा पटवारी हल्का काकड़ा, अतिरिक्त प्रभार हल्का उडसर, तहसील नोखा, जिला बीकानेर को परिवादी से 4 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. की बीकानेर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि नामान्तकरण खोलने की एवज में विकास मीणा पटवारी हल्का काकड़ा, अतिरिक्त प्रभार हल्का उडसर, तहसील नोखा, जिला बीकानेर द्वारा 10 हजार रुपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी बीकानेर इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रजनीश पूनिया** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज **पुलिस निरीक्षक श्री आनन्द मिश्रा, पुलिस निरीक्षक श्री दिलीप कुमार खत्री** एवं उनकी टीम द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुये विकास मीणा पुत्र श्री माखनलाल निवासी ग्राम पोस्ट विनायकपुरी, तहसील दातारामगढ़, जिला सीकर हाल पटवारी हल्का काकड़ा, अतिरिक्त प्रभार हल्का उडसर, तहसील नोखा, जिला बीकानेर को परिवादी से **4 हजार रुपये की रिश्वत** लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी, बीकानेर के पुलिस अधीक्षक श्री गगनदीप सिंगला के निर्देशन में आरोपी के आवास एवं अन्य ठिकानों की ए.सी.बी. टीमों द्वारा तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।